कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.04.2025

विषयः-नाबालिग लड़की बहला फुसला कर भगाने वाला गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम और गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन एवं अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में, तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिंडरा के कुशल नेतृत्व में, आज दिनांक 28.04.2025 को थाना सिंधौरा पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-071/2025, धारा 137 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त 1. विमल बिंद पुत्र उमाशंकर बिंद निवासी बाबूगंज, थाना फूलपुर, जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर चादमारी अण्डर पास गिरफ्तार कर अपहृता/पीड़िता को बरामद किया गया।

घटना का विवरण:

दिनांक 26.04.2025 को थाना सिंधौरा क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की की गुम होने की सूचना पर शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र पर थाना सिंधौरा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक सिंधौरा द्वारा गठित पुलिस टीम नें अपहृता/पीड़िता की बरामदी हेतु लगातार प्रयासरत थी।

पूछताछ विवरण

पूछताछ में अभियुक्त विमल बिंद ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी अपहृता/पीड़िता से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। अपहृता/पीड़िता के पिता उसकी शादी के लिए उपयुक्त लड़का तलाश रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर वह अपहृता/पीड़िता के साथ भाग गया। आज उनका दुर्गा मंदिर पलही पट्टी भटौली में विवाह करने की योजना थी, कि पुलिस नें पकड़ लिया।

इस गिरफ्तारी में थाना सिंधौरा पुलिस टीम का पूर्ण योगदान रहा है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी